राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने 'छठ पर्व' के सुअवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएँ दी

पटना, 31 अक्टूबर 2019

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने भगवान सूर्य की पूजा–आराधना एवं लोक–आस्था से जुड़े 'छठ पर्व' के सुअवसर पर समस्त बिहारवासियों व देशवासियों को अपनी शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल श्री चौहान ने कहा है कि भगवान सूर्य की पूजा–आराधना एवं लोक–आस्था से जुड़े 'छठ पर्व' से हमें साधना, सदाचरण, त्याग, तपस्या, हृदय की पवित्रता तथा सर्वत्र स्वच्छता और निर्मलता बनाये रखने की सत्प्रेरणा मिलती है। उन्होंने लोक–आस्था के इस पावन पर्व एवं व्रत को पूरी श्रद्धा, भक्ति और सद्भावनापूर्वक मनाये जाने का अनुरोध किया है।

राज्यपाल ने 'छठ पर्व' के सुअवसर पर सभी बिहारवासियों व देशवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके सुखी, समृद्ध और आनन्दित जीवन की मंगलकामना की है।

....